## डीएवी स्कूल सेक्टर-39 में टीचर्स-स्टूडेंट्स ने लगाए पौधे



**दिनभर संवाददाता, चंडीगढ़।** वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर सेक्टर-39 डी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश भी दिया। विद्यालय की प्राचार्या मनींदर वोहरा ने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

दिव्य हिमाचल
देवभूमि का अग्रणी समाचारपत्र

आया और बिना किसी कारण मेरी बांह पकड़कर मरोड़ने लगा। आरोप है कि उसने उनका मोबाइल

पीड़िता ने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि घटना

रही है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डीएवी स्कूल चंडीगढ़ में पर्यावरण बचाने का संदेश



चंडीगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-39डी चंडीगढ़ में वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण हरियाली के प्रति प्रेम तथा प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। विद्यालय की प्राचार्या मनींदर वोहरा जी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को और अधिक सुदृढ़ किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य प्रदान करेगा